Not to be filled by the Candidate
(अभ्यर्थी द्वारा नहीं भरा जाना)

Total Pages - 24

Time : 2 Hours समय : दो घंटे	Maximum Marks : 50 पूर्णांक : 50

महत्वपूर्ण निर्देश / IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. अपेक्षित विवरण केवल 'प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका' के ऊपर दिए गये फ्लैप पर ही लिखें, अन्य किसी स्थान पर नहीं।
2. 'प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका' (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अन्दर कहीं पर भी कोई पहचान चिन्ह जैसे रोल नम्बर, नाम पता, मोबाईल नम्बर / टेलीफोन नम्बर, देवताओं के नाम अथवा किसी भी प्रश्न के उत्तर से असम्बन्धित शब्द, वाक्य एवं अंक लिखे जाने या अंकित किए जाने को अनुचित साधनों का उपयोग माना जायेगा। ऐसा पाये जाने पर अभ्यर्थी की सम्पूर्ण परीक्षा में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।
3. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष पर अवधान उत्पन्न करता है या दीक्षण स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार करता है अथवा अनुचित कार्य करता है तो इस तथ्य की अभ्यावेदन के लिए उत्तरदायी होगा। इस राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के तहत दण्डिक कार्यवाही हेतु भी उत्तरदायी माना जायेगा।
4. प्रश्नों की संख्या और उनके अंक 'प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका' में अंकित किए गये हैं।
5. प्रश्नों के उत्तर 'प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका' में प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए गये स्थान पर ही लिखें कहीं और नहीं, अन्यथा ऐसे उत्तर का मूल्यांकन परीक्षक द्वारा नहीं किया जाएगा।
6. अभ्यर्थी अपने उत्तर निर्धारित जगह से अधिक न नहीं लिखें, किसी भी परिस्थिति में पूरक उत्तर पुस्तिका नहीं दी जायेगी।
7. प्रश्न द्वारा अपेक्षित भाषा अंग्रेजी या हिन्दी में ही उत्तर दीजिये।
8. यदि 'प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका' कहीं से फटी–फटी या अमुद्रित है तो अविलंब वीक्षक के ध्यान में लाकर उसे बदलवा लें अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
9. परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक साधन के साथ प्रवेश करना सर्वथा प्रतिबंधित है।

* * * * *

1. Write the required particulars only on the flap provided on the top of "Question Paper-cum-Answer Book"; and not at any other place.
2. Do not write any mark of identity inside the "Question Paper-cum-Answer Book" (including paper for rough work) i.e. Roll No., Name, Address, Mobile No./Telephone No., Name of God etc. or any irrelevant word other than the answer of question. Such act will be treated as unfair means. In such a case the candidature of the candidate shall be rejected for the entire examination.
3. If a candidate is found creating disturbance at the examination centre or misbehaving with Invigilating Staff or cheating will render him liable for disqualification. He shall also be liable for penal action under The Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair Means) Act, 1992.
4. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in the "Question Paper-cum-Answer Book".
5. The answers of the questions should strictly be written in the space provided below question and not elsewhere, otherwise, such answer shall not be assessed by the examiner.
6. Candidates do not write the answers beyond the space prescribed. No Supplementary Answer Book shall be provided in any case.
7. Attempt answer only in the language, English or Hindi, as required by the question.
8. In case the "Question Paper-cum-Answer Book" is torn or not printed properly, bring it to the notice of Invigilator for change, at earliest otherwise the candidates will be liable for that.
9. Possession of any electronic device is strictly prohibited in the Examination Hall.

www.LinkingLaws.com

Note:-Attempt all the 05 questions. Each question carries 10 marks.

नोटः—समस्त 05 प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न हेतु 10 अंक निर्धारित हैं।

Question No. 1: **(10 Marks)**

Translate the following passage in Hindi.

नीचे दिये गए लेखांश का हिन्दी में अनुवाद कीजियेः—

"This Smriti solely deals with forensic law, both substantive and procedural, without any reference to penance and other religious matters. Thus it makes a departure from the earlier works and can be regarded as purely relating to law. It deals with courts and judicial procedure and also lays down the law regulating the eighteen titles with great clarity. Narada was independent in his views and did not allow himself to be bound by the earlier texts. This Smriti is remarkable for its progressive views on various matters. The procedural law laid down by this Smriti contains provisions relating to pleading, evidence (oral and documentary) as also the procedure required to be adopted by the courts of law, the details of which are dealt with in the relevant chapters.

Narada Smriti contains three introductory chapters on the principles of judicial procedure and on judicial assembly. Then it deals with titles of law as in Manu and Yajnavalkya. In an Appendix it deals with the offence of theft. It contains 1028 verses including 61 in the Appendix. This Smriti was translated by Dr. Jolly in 1876.

About 700 verses from Narada are profusely quoted in various Nibandhas (commentaries and digests) written by famous writers like Vishwarupa, Medhatithi and Jeemutavahana. Bana, in his Kadambari, refers to a distinct work of Narada on politics. The same has so far not been traced. In the India Office Library there is a manuscript of Narada Smriti in 3 chapters, 322 verses, dealing exclusively with achara and prayaschitta. Jolly is of the opinion that the date of Narada Smriti is later than 300 A.D. As the oldest manuscript was recovered from Nepal and the oldest commentary was also written in Nepal, Dr. Jolly opines that Narada hailed from Nepal. Very important changes in law are discernible from Narada Smriti and therefore it forms an important landmark in the evolution of ancient Indian legal system and also throws a great light on the political and social institutions during the period when it was written.

This Smriti indicates that ancient Indian jurists never hesitated to take a progressive view and did not feel themselves bound by the opinion

www.LinkingLaws.com

expressed by earlier jurists. Later jurists gave expression to their thoughts freely and they proceeded on the basis that law cannot be static, but it must change according to the changing social and political conditions."

Question No. 2: **(10 Marks)**

Translate the following passage inEnglish.

नीचे दिये गये लेखांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजियेः–

"मेरा यकीन मानो, अगर तुम्हें भी पूरे डेढ़ बरस तक इसी तरह बंद रहना पड़ता तो कई बार तुम्हें भी चीजें हद से परे नजर आती । लेकिन भावनाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती । भले ही वे कितनी भी गलत या कृतघ्न नजर आयें । मैं साईकिल चलाने, नाचने, सीटी बजाने, दुनिया को देखने, खुद को जवान महसूस करने के लिए तपड़ती हूं, कसमसाती हूं । मैं महसूस करना चाहती हूं कि मैं आजाद हूं लेकिन मैं ये सब दिखा नहीं सकती। जरा कल्पना करो कि हम आठों के आठों अपने आप के लिए अफसोस मनाते घूमते रहें और हमारे चेहरों पर असंतोष साफ–साफ लिखा हुआ नजर आए । क्या होगा तब ? ये स्थिति हमें किस ओर ले जाएगी ? मैं कई बार हैरान होती हूं कि क्या कभी कोई इस बात को समझ पाएगा कि मैं क्या कहना चाहती हूं। क्या कभी कोई मेरी सारी कृतघ्नताओं की अनदेखी करके और इस बात की परवाह न करके कि मैं यहूदी हूं या नहीं, सिर्फ यह देखेगा कि मैं एक किशोरी हूं जिसे सिर्फ....सिर्फ कुछ मजे लेने, खेल–कूद लेने की उत्कट चाह है। मुझे नहीं पता और मैं कभी किसी से इस बारे में कह भी नहीं पाऊंगी । इसकी वजह यह है कि मेरी रूलाई फूट पड़ेगी । रोने से मन हल्का हो जाता है, लेकिन ये रोना अकेले में नहीं होना चाहिए। मेरी सारी कोशिशों और मान्यताओं के बावजूद में दिन–रात चौबीसों घंटे एक ऐसी मां के लिए तड़पती हूं जो मुझे समझ सके। इसलिए मैं लिखने और कहने के साथ जो कुछ भी करती हूं, मैं हमेशा एक ऐसी मां की कल्पना करती हूं जो बाद में मैं अपने बच्चे पालते समय होना चाहूंगी। एक ऐसी मां जो लोगों की कही हर बात को बहुत गंभीरता से न लेती हो लेकिन मुझे, अपनी बेटी को गंभीरता से लेती हो, मैं क्या बताना चाह रही हूं, यह कह पाना मेरे लिए थोड़ा मुश्किल है, लेकिन 'मां' शब्द अपने आप सब कुछ बयान कर देता है। तुम जानती हो, मैंने क्या तरीका अपनाया है ? मैं 'मां' शब्द की गरिमा को महसूस कर सकूं इसलिए हमेशा मम्मी को 'मां' या इससे मिलते–जुलते शब्दों से पुकारती रहती हूं। कभी उनका नाम बिगाड़ भी देती हूं । काश! मैं उनका सही तरीके से आदर कर पाती। मैं जो भी नाटक करती रहती हूं, उनके साथ, वे समझ नहीं पातीं, नहीं तो उनकी नाराजगी ही बढ़ेगी ।

चलो, ये मसला काफी हो गया। मेरे लेखन ने कुछ हद तक तो मुझे 'निराशा की गहराईयों' से उबारा ही है।"

www.LinkingLaws.com

Question No. 3: **(10 Marks)**

Write the précis of the following passage in English:-

नीचे दिये गये लेखांश का अंग्रेजी में सार लिखिए:–

"The term "sources of law" has been used in different senses by different writers and different views have been expressed from time to time. Sometimes, the term is used in the sense of the sovereign or the State from which law derives its force or validity. Sometimes it is used to denote the causes of law or the matter of which law is composed. It is also used to point out the origin or the beginning which gave rise to the stream of law. C.K. Allen uses it in the sense of agencies through which the rules of conduct acquire the character of law by becoming definite, uniform and compulsory. Vinogradoff uses it as the process by which the rule of law may be evolved. Oppenheim uses it as the name for a historical fact out of which the rules of conduct come into existence and acquire legal force. According to Prof. Fuller, the problem of "sources" in the literature of jurisprudence relates to the question: "Where does the judge obtain the rules by which to decide cases? In this sense, among the sources of law will commonly be listed statutes, judicial precedents, custom, the opinion of experts, morality and equity.

According to Holland, the expression "sources of law" is sometimes employed to denote the quarter whence we obtain our knowledge of the law, i.g., whether from the statute book, the reports or esteemed treatises. Sometimes it is used to denote the ultimate authority which gives them the force of law, i.e., the State. Sometimes it is used to indicate the causes which, as it were, automatically brought into existence rules which have subsequently acquired that force viz., custom, religion and scientific discussion. Sometimes it is used to indicate the organs through which the State either grants legal recognition to rules previously unauthoritative or itself creates new law, viz., adjudication, equity and legislation.

Rupert cross writes that the phrase "source of law" is used in several different senses. First, there is the literary source, the original documentary source of our information concerning the existence of a rule of law. In this sense, the law reports are a source of law, whereas a textbook on tort or contract, or a digest of cases falls into the category of legal literature. Next, there are the historical sources of law, the sources - original, mediate or immediate - from which rules of law derive their content as a matter of legal history. In this sense, the writings of Bracton and Coke and the works of other great exponents of English law are sources of law, for they enunciate rules which are now embodied in judicial decisions and Acts of Parliament."

www.LinkingLaws.com

Question No. 4: **(10 Marks)**

Write the precis of the following passage in Hindi :-

नीचे दिये गये लेखांश का हिन्दी में सार लिखिए:–

"एक तत्व के रूप में निकैल की खोज सन् 1751 में एक स्वीडिश रसायनज्ञ क्रोन्स्टेड ने की । उन्होंने यह धातु एक खनिज कुप्फेर–निकैल (ताम्र–राक्षस) से प्राप्त की । इस नाम की एक अपनी कहानी है । मध्य–युग में सैक्सोनी के खनकों को अक्सर लाल रंग का एक खनिज दिखाई देता था। लाल रंग का होने की वजह से भ्रमवश वे उसे ताम्र खनिज समझते थे। उन्होंने इस खनिज से ताम्र प्राप्त करने की काफी कोशिशें की, जैसे कीमियागरों ने पारस–मणि द्वारा जानवरों के मूत्र से स्वर्ण प्राप्त करना चाहा था, परंतु उनके हाथ कुछ नहीं लगा ।

उन्हें समझ में नहीं आ रहा था कि उनकी असफलता का कारण क्या है। आखिरकार किसी के दिमाग में यह बात आयी कि ये सब शरारतें पहाड़ों पर रह रही दुष्ट आत्मा निक की हैं । वह इस राक्षसी पत्थर के अंदर घुस गयी है और लोगों को जरा सा भी ताम्र नहीं देना चाहती ।

हो सकता है कि मध्य युग के वैज्ञानिकों ने आगे चलकर इस परिकल्पना का वैज्ञानिक आधार ढूंढ़ लिया हो । कुछ भी हो, इसके बाद लोगों ने लाल खनिज से ताम्र प्राप्त करने की कोशिशें बंद कर दीं । यह सोचकर कि भविष्य में भी किसी को ऐसा लालच न हो, इस खनिज का नाम 'ताम्र राक्षस' रखने का फैसला किया गया ।

ऐसा लगता है कि क्रोन्स्टेड अंधविश्वासी नहीं थे । उन्होंने राक्षस की जरा भी परवाह नहीं की और कुप्फेरनिकैल से एक धातु प्राप्त कर ही ली । परंतु यह ताम्र नहीं था । यह एक नया तत्व था जिसका नाम उन्होंने निकैल रख दिया ।

परंतु विज्ञान जगत निकैल को नये तत्त्व की मान्यता देना नहीं चाहता था। केवल 1775 में यानी क्रोन्स्टैड की मृत्यु के 10 वर्ष बाद स्वीडन के दूसरे वैज्ञानिक बेर्गमैन ने अपने अनुसंधान–कार्य के परिणामों को प्रकाशित करके विश्वसनीय रूप से साबित कर दिया कि निकैल कई तत्वों का मिश्रण नहीं (इनके विरोधी यह मानते थे) बल्कि एक अलग धातु है ।

फिर भी इस सवाल पर बहस अर्से तक जारी रही । जर्मन रसायनज्ञ रिख्तर ने करीब तीन दशक के बाद इसका अंत कर दिया । 1804 में रिख्तर ने उसी कुप्फेरनिकैल से शुद्ध निकैल प्राप्त किया । लेकिन इसकी प्राप्ति के लिये उनको 32 बार निकैल विट्रिओल का क्रिस्टलीकरण करना पड़ा । निकैल का वर्णन करने वाले अपने लेख को उन्होंने ऐसा शीर्षक दिया: "अतिशुद्ध निकैल, उसकी प्राप्ति और उसके गुणों के बारें में"। साफ था कि इतनी मेहनत के साथ निकाली गयी धातु केवल जौहरियों के योग्य थी । निकैल के औद्योगिक उत्पादन की बात उस वक्त किसी ने सोची भी नहीं थी।

इसके बाद और 50 से ज्यादा साल गुजर चुके जब महान मेंडेलीफ अपनी भविष्यवाणी कर सके । पीटर्सबर्ग में 1869 में प्रकाशित अपनी पुस्तक "रसायन के आधार" में उन्होंने लिखा: "अगर निकैल के समृद्ध भंडारों का पता लगाया जायेगा तो इस धातु का विस्तृत व्यावहारिक उपयोग किया जायेगा– शुद्ध रूप में अथवा ऐलॉयों के रूप में "।

www.LinkingLaws.com

1865 में न्यू कैलीडोनिया में निकैल अयस्कों के विशाल निक्षेप मिले । इन घटनाओं से कुछ समय पहले इस फ्रेंच उपनिवेश के खनन विभाग के अध्यक्ष पद पर एक नये व्यक्ति की नियुक्ति की गयी थी जिनका नाम जूल गारने था। वह बहुत उत्साही तथा जानकार व्यक्ति थे । द्वीप पर खनिज की प्राप्ति की आशा से उन्होंने बड़ी तेजी से खुदाई का काम शुरू करवा दिया और शीघ्र ही उनको इस कार्य में सफलता मिल गयी । द्वीप की भूमि में निकैल भरा पड़ा था । इस उत्साही फ्रांसीसी के सम्मान में न्यू कैलीडोनिया में मिले निकैल अयस्क का नाम ' गाईरेनीयेरीट' रखा गया।

इसके लगभग बीस साल बाद कनाड़ा में पैसिफिक रेल्वे की लाइनें बिछाते समय ताम्र–निकैल अयस्कों के विशाल भंडार इंजीनियरों के हाथ लगे।

उपरोक्त घटनाओं से निकैल के औद्योगिक उत्पादन को काफी सहारा मिला । लगभग इन्हीं वर्षों में इस तत्व के सबसे महत्वपूर्ण गुण की भी खोज हो गयी। पता चल गया कि निकैल स्टील की कोटि उत्तम करने की क्षमता रखता है। यह बात सच है कि इससे काफी पहले 1820 में सुप्रसिद्ध अंग्रेज वैज्ञानिक माईकेल फैराडे ने निकैलयुक्त स्टील के प्रगलन पर कुछ प्रयोग किये थे, परंतु उस वक्त धातुविज्ञानियों ने उनमें कोई रूचि नहीं दिखाई थी।

पिछली शताब्दी के अंत में रूस के नौ सेना मंत्रालय ने पीटर्सबर्ग के ओबूखोव कारखाने को एक महत्वपूर्ण काम सौंपा–बहुत बढ़िया किस्म की कोबाल्ट चद्दरों का उत्पादन करना था । उस वक्त ब्रिटेन तथा फ्रांस की नौसेना में निकैल स्टील की नयी चद्दरों का इस्तेमाल शुरू हो चुका था और विशेषज्ञों ने इस स्टील की बहुत प्रशंसा की थी ।"

Question No. 5 **(10 Marks)**

निम्न में से किसी एक विषय पर लगभग 400 शब्दों में हिन्दी में निबन्ध लिखिए:–

(i) भारतीय संविधान में दिए गए मूलभूत अधिकार ।
(ii) भारतीय निर्वाचन आयोग ।
(iii) वैकल्पिक उपचार के विभिन्न प्रकार एवं उनके लाभ ।
(iv) प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत ।
(v) भारतीय संविधान के अन्तर्गत स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थायें।

****

www.LinkingLaws.com